समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भारत-पाक तनाव और पेट्रोल पंप पर लंबी कतार के बाद आया इंडियन ऑयल का बयान, जाने क्या कहा।

Publisher Published on 09 May 2025




## 22 अप्रैल को पहलगाम मे हुंए आतंकी हमले का तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़ा. इसके बाद भारत की तरफ से 7 मई को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर मे 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उसे उसे ध्वस्त कर दिया गय.

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के जवाबी एक्शन से दो मुल्कों के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है. देश में तेल की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर इंडियन ऑयल कंपनी ने एक बयान जारी किया गया है. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की तरफ से शुक्रवार को जारी इस बयान में कहा गया है कि पूरे देश में तेल स्टॉक में पर्याप्त है और इसकी ऑपरेशनल लाइन्स सुचारु रुप से चल रही हैं.

आईओएल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर लिखा कि सभी आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध है, इसलिए वे किसी तरह की चिंता न करें. इसके साथ ही, तेल कंपनी ने लोगों को सलाह दी है कि वे बिल्कुल शांत रहें और अनावश्यक परेशान हों. इससे कंपनी को सुचारू रुप से ईंधन आपूर्ति करने में मदद मिलेगी.

इंडियन ऑयल ने जारी किया बयान
इंडियन ऑयल की तरफ से यह बयान ऐसे वक्त पर आया जब सोशल मीडिया पर पेट्रोल पंप के सामने लोगों की तेल लेने के लिए लंबी कतार वाली फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं. बुधवार को पंजाब के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा लोगों को परेशान होते हुए देखा गया. सीमावर्ती इलाके में आवश्यक वस्तुओं और तेल को खरीदने के लिए लोगों काफी बेचैन दिखे. हिन्दुस्ता टाइम्स ने एक रिपोर्ट में एक स्थानीय पेट्रोल मालिक का हवाला देते हुए बताया कि ईंधन की भारत और पाकिस्तान तनाव की वजह से बिक्री तीन गुणी बढ़ गई है.

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़ा. इसके बाद भारत की तरफ से 7 मई को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया और उसे ध्वस्त कर दिया. भारतीय सेना के तीनों अंगों का संयुक्त रुप से ये ऑपरेशन 1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ किया गया.

चरम पर तनाव

भारत के इस जवाब एक्शन के बाद से पाकिस्तान लगातार ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिशें कर रहा है. हालांकि, भारत उसके हर एक हमले का ना'पाक जवाब दे रहा है. पाकिस्तान ने भारत के एयरबेस पर भी हमला करने की कोशिश की. इसके साथ ही, कई ठिकानों को निशाना बनाकर हमला कर रहा है. लेकिन पहले से अलर्ट भारत, पड़ोसी मुल्क की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.